सन्मार्ग

न्यूज़ बुलेटिन :

वर्ष–1

अंक–6

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

मासिक –मार्च व अप्रैल, 2023

सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

प्रबन्धक
इं0 वी0 के0 मिश्र

प्राचार्य
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

सम्पादकीय

सम्पादक
राजीव यादव

उप–सम्पादक
नितिन कुमार सिंह

सहयोग
पुष्पेन्द्र कुमार

कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003
(लखनऊ विश्वविद्यालय)

Events at College

दिनांक 12.04.2023 को कालीचरण पी.जी. कालेज परिसर में उत्तर–प्रदेश के **यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी** के कर कमलों द्वारा महाविद्यालय के प्रमुख शिल्पी **श्रद्धेय लाल जी टण्डन (पूर्व राज्यपाल –बिहार व मध्य प्रदेश)** की प्रतिमा का अनावरण किया गया। साथ ही महाविद्यालय में शताब्दी विस्तार भवन का नामकरण भी किया गया। अब भवन का नाम लालजी टण्डन हो गया है। छात्रों को सम्बोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में महानता का मानक केवल नीचे से ऊपर जाना नहीं होता है। कोई व्यक्ति जब शून्य से शिखर की यात्रा को अपने पुरूषार्थ और परिश्रम से प्राप्त करता है तो वह महानता के मानक तय करता है लालजी टण्डन जी की जीवन यात्रा शून्य से शिखर की है। कालीचरण महाविद्यालय के साथ उनका लम्बा जुड़ाव रहा है। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि यह कैम्पस आजादी के आन्दोलन का साक्षी रहा है। अनेक साहित्यकार, समाजसेवी, वैज्ञानिक और राजनीतिज्ञों को जन्म देने का कार्य इस संस्थान ने किया है। इस कार्यक्रम में उप–मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, सांसद कौशल किशोर, विधायक आशुतोष टण्डन पूर्व उप–मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, कालीचरण महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी.के. मिश्र और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय मौजूद थे।



22 मार्च को महाविद्यालय के छात्र इस्लाम अली ने श्री राम जन्म समिति अयोध्या द्वारा आयोजित 21 किमी0 मैराथन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके लिए इस्लाम अली को 15000/– कैश पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

29.03.2023 को कालीचरण महाविद्यालय के छात्र इमरान खान (बी0ए0 तृतीय वर्ष) का चयन खेल कोटे से यू0पी0 पुलिस में सिपाही के पद पर हुआ।

01.04.2023 को कालीचरण महाविद्यालय में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने रोजगार मेला लगाया। इसकी शुरूआत मुख्य अतिथि एम.एल.सी. रामचन्द्र प्रधान ने की। सहायक निदेशक सेवा योजन ए.के. प्रजापति ने बताया कि इसमें नौ कंपनियों ने 307 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इनमें से 75 का चयन किया।

- महाविद्यालय के छात्र इस्लाम अली ने दिनांक 09.04.2023 को दार्जिलिंग में JBG Gorkha द्वारा आयोजित 10 किमी0 रेस में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया एवं 8000 रू0 का कैश पुरस्कार प्राप्त किया।
- 13.04.2023 को महाविद्यालय के तीन छात्रों शिवानी पाण्डेय एम.ए. समाजशास्त्र में नेट–जे.आर.एफ., आदित्य यादव एम.ए. शिक्षाशास्त्र में नेट और देशराज एम.ए. हिन्दी में नेट की परीक्षा पास की।

19.04.2023 को महाविद्यालय में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रेष्ठ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क ब्लड टेस्ट एवं डेन्टल टेस्ट किया गया। इस शिविर के आरम्भ में डॉ0 विजेता यादव का स्वास्थ्य देखभाल विषय पर 15 मिनट का पावर प्वाइन्ट प्रेजेन्टेशन महाविद्यालय के कर्मचारियों, शिक्षकों एवं छात्रों के लिए हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने की।

21.04.2023 को महाविद्यालय में 'Enhance of Internal Quality of Teaching and Learning' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की डॉ0 अनुपमा सिंह ने उक्त विषय पर अपने महत्वपूर्ण अनुभवों और विचारों को महाविद्यालय के शिक्षकों के साथ साझा किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, आई.क्यू.ए.सी. टीम के सदस्य, समस्त प्राध्यापकगण, लेखाकार एवं वरिष्ठ लिपिक उपस्थित रहे।

❖ 29.04.2023 को महाविद्यालय में एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।